वस्तुतः पुरूलिया छऊ नृत्य का राज्याश्रयदाता कोई आंचलिक जमींदार नहीं था। ये जमींदार केवल अपने मनोरंजन के लिए अपने यहाँ नृत्य का आयोजन करवाते थे और उसके लिए सिर्फ प्रदर्शन के दिन का खर्च वहन करते थे। सराईकेला या मयूरभंज की तरह न तो उन्होंने कलाकारों को उनके भरण–पोषण के लिए कोई मासिक भत्ते की व्यवस्था की और ना ही छऊ नृत्य में प्रयोग किये जानेवाले वस्त्राभूषण, अलंकार, मुखौटे आदि के निर्माण की व्यवस्था के लिए कोई प्रयास किया। राजपरिवार के किसी भी सदस्य का नाम भी पुरूलिया छऊ नृत्य में नहीं आता है। सराईकेला के छऊ नृत्य के उस्ताद और कलाकार अक्सर बागमुण्डी में स्थानीय कलाकारों को प्रशिक्षण देने जाया करते थे, जिनमें मदनमोहन महापात्र और राजेन्द्र पटनायक का नाम सर्वोपरी है। मदन मोहन महापात्र ने चाण्डिल, पुरूलिया के बागमुण्डी और बाराभूम में फरिखण्डा नृत्य (छऊ नृत्य) का प्रशिक्षण दिया जिसकी पुष्टि पुरूलिया छऊ नृत्य के प्रसिद्ध नर्तक एवं पदम पुरस्कार से पुरस्कृत श्री गंभीर सिंह मुण्डा भी करते हैं।

1943 ई. में चड़िदा ग्राम के एक प्रसिद्ध मूर्तिकार बाबूराम मिस्त्री (सूत्रधार) बागमुण्डी के जमींदार के संग सराईकेला छऊ नृत्य देखने गये थे। वहाँ वे छऊ नृत्य से काफी प्रभावित हुए और वापस चड़िदा ग्राम में आकर अपने दलदल का गठन कर छऊ नृत्य का प्रशिक्षण व प्रदर्शन करने लगे औराद में चड़िदा ग्राम पुरूलिया छऊ नृत्य का प्रमुख केन्द्र बना, 1943 के पहले पुरूलिया छऊ नृत्य के किसी भी कलाकार अथवा आचार्य के बारे में ज्ञात नहीं है। 1943 के बाद ही पुरूलिया छऊ नृत्य के नर्तक और आचार्य सामने आए।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि पुरूलिया छऊ नृत्य को कभी राज्याश्रय प्राप्त नहीं हो पाया। कुछ छिटपुट जमींदारों द्वारा अपने मनोरंजन के लिए छऊ नृत्य का प्रदर्शन करवाया जाता था जिसमें ज्यादातर कलाकार सराईकेला के होते थे। सराईकेला के महाराजा छऊ नृत्य के विस्तार के लिए काफी प्रयत्नशील रहते थे और अपने यहाँ के कलाकारों और आचार्यों को पड़ोसी प्रदेशों में वहाँ के स्थानीय लोगों में छऊ नृत्य के प्रचार–प्रसार एवं प्रशिक्षण देने के लिए नियमित रूप से भेजा करते थे। यह कहा जा सकता है कि स्थानीय निवासियों के ही स्वयं के प्रयास से पुरूलिया छऊ नृत्य का विकास हुआ।

निष्कर्ष

छऊ नृत्य की विकास यात्रा में राज परिवारों का अतुलनीय योगदान है। आज जो छऊ नृत्य का रूप सामने आया है उसके सूत्रधार उस समय के राजा महाराजा थे, जिन्होंने वक्त की नजाकत को पहचान कर अपने राज्य की रक्षा के लिए सामान्य जन को युद्ध का प्रशिक्षण देने का एक नायाब तरीका निकाला था जो कालान्तर में छऊ नृत्य के रूप में जाना – पहचाना गया और लोगों के युद्धकला के प्रशिक्षण के साथ–साथ मनोरंजन का भी साधन बना।

संदर्भ साहित्य

1. डब्ल्यू डब्ल्यू हंटर (1976), 'स्टैटिस्टिकल अकाउण्ट ऑफ बंगाल', सिंहभूम ट्रिब्युटरी स्टेट्स ऑफ चुटिया नागपुर एण्ड मानभूम, भोल्यूम XVII पृ. 282
2. डॉ. बदरी प्रसाद, भारतीय छऊ नृत्य, इतिहास संस्कृति और कला', भाग – 2
3. डॉ. कपिला वात्स्यायन, 'पारम्परिक भारतीय रंगमंच', नेशनल बुक ट्रस्ट ऑफ इंडिया
4. मायाधर मानसिंह, अड़िया साहित्य का इतिहास, साहित्य अकादनी, नई दिल्ली
5. आर.एस. शर्मा, बुलेटिन ऑफ इंडियन हिस्टोरिकल रिब्यू, भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली।
6. डी.एन. पटनायक (1977), छऊ डांस ऑफ मयुरभंज, संगीत नाटक
7. दिवाकर भंज (1934), मयूरभंज रे छउनाटार विवरण, भंज प्रदीप
8. बनर्जी, पोरेश (1959): द फोक डांस ऑफ इंडिया, किताबिस्तान, इलाहाबाद।
9. डॉ. षाति सिन्हा (2016) : लोकनृत्य छऊ, पुस्तक विपनी, कोलकाता।
10. इंद्राणी दत्त (2008) : छऊ, लोकसंस्कृति एवं आदिवासी संस्कृति केन्द्र, पश्चिमबंगो सरकार।
11. पाणि, जीवन (1993) : ए कम्परेटिव स्टडी ऑफ द थ्री स्टाईल ऑफ छऊ, रंगभुमि, 7वाँ एडिसन, ओड़ीसा संगीत नाटक अकादमी।
12. डाफ, इन्द्र कुमार चौधरी, झारखण्ड का छऊ नृत्य : एक परिचय, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग झारखण्ड द्वारा चैत्र पर्व महोत्सव, 2015 को प्रकाशित।

कोल विद्रोह के महानायक वीर बुधु भगत

उदय कृष्ण महतो
शोधार्थि

भारतीयों द्वारा समय–समय पर अंग्रेजी दासता से मुक्त होने के प्रयास किये गये। यद्यपि सन् 1857 का सिपाही विद्रोह प्रथम स्वतंत्रता संग्राम माना जाता है, परन्तु इसके पूर्व भी भारत को अंग्रेजी दासता से मुक्त करने का प्रयास स्थानीय स्तर पर विशेषकर क्षेत्र में निवास करने वाले जनजातियों द्वारा किया जाता रहा था। इन सबमें कोल विद्रोह का नाम सर्वोपरि है जो छोटानगपुर के कोल आदिवासियों द्वारा स्थानीय जमींदारों, समन्तों के विरूद्ध किया गया था।

मुगल काल से ही बहुत से व्यापारी आकर अदिवासी इलाकों में अपना स्थाई निवास बना लिया था। इस दौरान मुसलमान और सिक्ख व्यापारी काफी संख्या में आकर छोटानगपुर के क्षेत्र में बस गये। सरकारी संरक्षण और पैसे के बल पर इन लोगों ने यहाँ की आदिवासी जमीनों पर कब्जा करना आरम्भ किया और कालांतर में बड़े भूपति, जमींदार और सामंत बन गये। अंग्रेजो के आगमन के साथ ही इनका प्रभुत्व बढ़ता गया क्योंकि ब्रिटिश शासन के तरफ से इन्हें लुट की खुली छूट मिली थी। इन जमींदारों और समंतों का ब्रिटिश सरकार के हितैसी होने के कारण प्रशासन पर गहरी पकड़ थी। सरकारी महकमें और न्यायालय इनकी तरफदारी करते थे। इसका फायदा उठा कर इन जमींदारों और सामंतों ने स्थानीय आदिवासियों का मानसिक, आर्थिक और शारीरिक शोषण करना आरम्भ कर दिया। लगान वसूली के नाम पर आदिवासियों की जमीन हड़प ली गई और उन्हें बंधुआ मजदूर बना दिया गया। यहाँ तक कि आदिवासियों बहु–बेटियों की इज्जत तक सुरक्षित नहीं रही। इन सब अत्याचारों के कारण अदिवासियों के मन में आक्रोश था और उनमें सामंतो, जमींदारों और साहुकारों के विरूद्ध विद्रोह की भावना पनपने लगी। परन्तु उनमें नेतृत्व का अभाव था। ऐसे में बुधु भगत ने उन्हें संगठित किया और सामंतो, जमींदारों और साहुकारों के विरूद्ध विद्रोह कर दिया। बुधु भगत के नेतृत्व में आदिवासियों ने पूर्वी भारत में शोषण के विरूद्ध पहली बार संगठित होकर सरकार और उसके समर्थकों के खिलाफ सन् 1831–32 ई. में सशस्त्र आंदोलन आरम्भ किया जिसे अंग्रेजो और इतिहासकारों ने 'कोल विद्रोह' का नाम दिया। उन्होंने यह प्रचारित किया कि यह आदोलन अंग्रेजो के विरूद्ध नहीं था बल्कि साहुकारों और

जमींदारों के विरूद्ध था। साथ ही यह आंदोलन पूर्वी भारत तक ही सीमित रहा और संभवतः इसी कारण इसे स्वतंत्रता आंदोलन नहीं माना गया और यह सिर्फ एक विद्रोह बन कर ही रह गया। प्रत्यक्ष रूप से यह ऐसा ही प्रतीत होता है क्योंकि यह आंदोलन कुँवर हरनाथ शाही द्वारा पठानो और सिक्खों को कुछ गाँव का स्वामित्व सौंपे जाने के कारण ग्रामीणों में पैदा हुए असंतोष के कारण आरम्भ हुआ था।[1] परन्तु वास्तविकता कुछ और है। वास्तव में ब्रिटिश काल में अंग्रेजी शासन द्वारा राजाओं और जमींदारों से मालगुजारी वसूलना आरम्भ कर दिया जिसका परोक्ष प्रभाव स्थानीय लोगों पर पड़ा। उसपर जमींदारों, सामंतो और साहुकारों द्वारा किये जाने वाले अत्यचारों ने अग्नि में घी का काम किया। इस प्रकार 1832 का विद्रोह भी एक प्रकार का स्वतंत्रता ओदोलन था, केवल कोल विद्रोह नहीं जैसा कि इतिहासकारों द्वारा प्रचारित किया गया है।

इस विद्रोह के दौरान गैर आदिवासी सामंतो, जमींदारों और साहुकारों को लूटा किया गया, सरकारी इमारतों और संपत्तियों को नुकसान पहुँचाया गया। अंग्रेजो ने आदोलन को कुचलने के लिए अपनी सशस्त्र सेना को उपयोग किया, जिनके बंदूकों के सामने ये आन्दोलकारी जो तीर धनुष, कुल्हाड़ी, तलवार जैसे पारम्परिक हथियारों का प्रयोग कर रहे थे, नहीं ठहर सके। अंग्रेजो ने आंदोलन को कुचलने के लिए क्रूरता की सारी सीमाएँ लांघ दी। उन्होंने बनारस, दानापुर और मिदनापुर से सेना की नई कंपनी बुलाकर कैप्टन इम्पे, जो छः कम्पनियों और तीसरी लाइट कैवेलरी के कैप्टन थे, के नेतृत्व में आंदोलन को कुचलने के लिए भेजा। कैप्टन इम्पे ने नरसंहार का ऐसा तांडव मचाया जिसके सामने सन् 1919 का जालियँवाला बाग नरसंहार भी फीका है। 13 फरवरी 1832 को करीब 4000 आदिवासियों को सिलगांई गाँव में घेर कर मार डाला गया। उनके घर जला दिये गये। स्त्रियों एवं बच्चों को भी नहीं बख्शा गया। इस नरसंहार में वीर बुधु भगत और उनके दो पुत्र हलघर और गिरधर अंग्रेजों से लोहा लेते हुए शहीद हो गये।

इस ओदोलन के नेतृत्वकर्ता बीर बुधु भगत थे जिनका जन्म 17 फरवरी 1792 ई. को सिलंगाई गाँव जो चान्हों प्रखण्ड में कोयल नदी के किनारे स्थित है, में एक उराँव किसान परिवार में हुआ था। ये तीर चलाने और तलवारबाजी में काफी निपुण थे। इनमे लोगों को संगठित करने के अद्भुद क्षमता थी और लोग इन्हें दैवीय अवतार मानते थे। इनके एक इशारें पर आदिवासी मरने मिटने को तैयार हो जाते थे। ये उनकी लोकप्रियता का प्रभाव था कि यह आंदोलन केवल

सोनपुर, तमाड़ और बंदगाँव के आदिवासियों तक सीमित न रहकर सम्पूर्ण छोटानागपुर क्षेत्र के आदिवासियों और मानकियों का आंदोलन बन गया। कहते है जब वे अंग्रेजो से घिर गये थे तो आदिवासियों ने इनके चारो ओर मानव दिवार तैयार कर दी थी और अंग्रेजों की बंदूकों के सामने खड़े हो गये थे। अंग्रेजो ने इस मानव दिवार को तोड़ने के लिए गोलियों की बौछार कर दी, परन्तु लोग नहीं हटे और अंततः 4000 आदिवासियों के बलिदान के बाद अंग्रेजो ने वीर बुधु भगत को शहीद कर दिया।[2] ब्रिटिश प्रत्रकार जॉन बुल ने बंगाल हरकारा के 2 मार्च 1832 ई के अंक में इस घटना का विरण देते हुए लिखा है कि इस प्रकार की असंतुलित सैनिक कार्रवाई से निरपराध जनता संज्ञा–शून्य हो गई थी। वे जब मिलते तो एक दूसरे से अर्थहीन दृष्टि से देखते। सिलांगाई की धरती शाम होते – होते लाशों से पट गई थी। जली हुई झोपड़ियों के आंच में सर्वत्र विखरे हुए शव ह्रदयविदारक दृश्य था।[3]

ब्रिटिश सरकार ने बुधु भगत के सिर पर एक हजार रूपये का ईनाम रखा था जो ब्रिटिश इतिहास में संभवतः पहली बार किया गया था। अंग्रेज यह मानते थे कि कोल विद्रोह के मुख्य नायक बुधु भगत ही थे और उनके अवसान से यह आंदोलन स्वतः समाप्त हो जायगा। ऐसा ही कुछ हुआ भी। बंगाल हरकारा ने 29 फरवरी 1832 ईं के अंक में टिप्पणी की कि बुधु भगत के पतन का परिणाम यह हुआ कि अनेक गाँवों के कोल मुंडाओं ने छोटानागपुर के आयुक्त के सम्मुख आकर स्वतः आत्म समर्पण कर दियाए छोटागपुर की धरती से अंग्रजो का उखड़ता पाँव फिर जमने लगा।[4]

यद्यपि बुधु भगत के बाद आंदोलन पूरी तरह से बिखर गया परन्तु यह आदिवासियों और लोगों के बीच क्रांति का एक ऐसा बीज बो गया जो बाद के स्वतंत्रता आंदोलनों का प्रेरणास्रोत बना।

संदर्भ साहित्य

1. झा जगदीश चन्द्र (1958), दि कोल राइजिंग ऑफ छोटानागपुर
2. www.gyanimaster.com
3. ग्रिफिथ, वाल्टर जी., दि कोल ट्राइब ऑफ सेन्ट्रल इंडिया, रॉयल एशिएटिक सोसाईी ऑफ बंगाल, कलकत्ता।
4. झा जगदीश चन्द्र (1958), दि कोल राइजिंग ऑफ छोटानागपुर

ISSN 0996-231X

Ratna-Garbha

A Bi-Annual Peer Reviewed Refereed

Research Journal of Social Sciences & Humanities

Vol. : 18 No. 2 SEPTEMBER 2021

Published by
Social Sciences & Humanities Development Association,
Janak Nagar, Hesal, Ratu Road, Ranchi, Jharkhand
Website : www.ratnagarbha.co.in

Research Journal of Social Sciences & Humanities *Vol. 18 No.2*

ISSN 0996-231X

RATNA-GARBHA

A Bi-Annual Peer Reviewed Refereed
Research Journal of Social Sciences & Humanities

Editor

Dr. Sunil Kumar

email.Id : drsunilkumar267@gmail.com
Website : www.ratnagarbha.co.in

Published by :
Social Sciences & Humanities Development Association,
Janak Nagar, Hesal, Ratu Road, Ranchi-834005, Jharkhand

© **Social Sciences & Humanities Development Association,**
Janak Nagar, Hesal, Ratu Road, Ranchi, Jharkhand

Copies : 300
Price Rs. 1000/-

Composing & Printing :
HARSH COMPUTER & XEROX
Shop No. : 3, Saraswati Complex, Opp. Kalkota Pharma,
Radium Road, Ranchi-834001
Mob.No. : 8102339757, 9570028550,8252188750
Email.Id : jeetukumar4.5.1990@gmail.com

RATNA-GARBHA

A Bi-Annual Peer Reviewed Referced

Research Journal of Social Sciences & Humanities

Published by :

Social Sciences & Humanities Development Association,

Janak Nagar, Hesal, Ratu Road, Ranchi, Jharkhand

Editor : ***Dr. Sunil Kumar,*** *Gold Medalist (Philosophy), M. Sc. (Anthropology), M.A. (Sociology & Psychology), M.A.(Philosophy, Hindi,Sanskrit, Jyotirvigyan, Archaeology & Museology), Ph. D. (Sanskrit). Former Head , Departement of Sociology, Mahendra Prasad Mahila Mahavidyalaya, Ranchi.* ***(Mobile No.9798370446)***

email.id : drsunilkumar267@gmail.com

Website : www.ratnagarbha.co.in

Co-Editor : **Dr. Umesh Kumar**
M.A. (Sociology), Ph.D.
Head, Department of Sociology
Marwari College, Ranchi
Ranchi University, Ranchi
(Mob.No. 9431972480)

Managing Editor: ***Mrs. Ranjana Kumari,*** *M.A. (Pol. Sc.), Secretary, Social Sciences & Humanities Development Association, Ranchi*
Janak Nagar, Hesal, Ratu Road,
Ranchi, Jharkhand
(Mobile No. 9525539570)

ADVISORY EDITORIAL BOARD

1.	**Dr. S. S. Kushwaha**	:	Former Vice-Chancellor, Ranchi University, Ranchi. & Mahatma Gandhi Kashi Vidyapith, Varanasi.
2.	**Dr. R. S. Tripathi**	:	Former Head, Deptt. of Puranetihas Faculty of Sanskrit Vidya Dharma Vigyan, B.H.U., Varanasi
3.	**Dr. C.K. Shukla**	:	Prof. of Sanskrit & Former Dean, faculty of Humanities, Ranchi University, Ranchi.
4.	**Dr. Raj Kumari Sinha**	:	Prof. of Philosophy Former Head, Deptt. of Philosophy Doranda College, Ranchi
5.	**Dr. A. Usmani**	:	Former Head, Deptt. of Urdu, Ranchi University, Ranchi.
6.	**Dr. K.C. Tripathi**	:	Prof. of Sanskrit, Faculty of Humanities, N.C.E.R.T., New Delhi.
7.	**Dr. V.P. Sharan**	:	Former Pro Vice Chancellor Ranchi University, Ranchi.
8.	**Dr. S. N. Choudhury**	:	Prof. of Sociology & Dean Faculity of Social Sciences Rajeev Gandhi Chair, Barkatullah University, Bhopal, M. P.
9.	**Dr. D. Solanki**	:	Prof. of Ancient Indian History, Culture & Archaeology Vikram University, Ujjain.
10.	**Dr. Rita Shukla**	:	Former Director, Deptt. of Journalism & Prof. of Hindi, Ranchi University, Ranchi.
11.	**Dr. Manorma Mishra**	:	Former Head, Deptt. of Home Science, Ranchi University, Ranchi

12. **Dr. Rajnish Shukla**	:	Former, Head, Deptt. of Comparative Religion, Sampurnanand Sanskrit University, Varanasi.
13. **Dr. P.K. Singh**	:	Prof. of Anthropology & C.C.D.C. Ranchi University, Ranchi.
14. **Dr. Sudesh Kumar Sahu**	:	Head, Deptt. of Commerce & Business Management, Ranchi University, Ranchi.
15. **Dr. Mamta Garg**	:	Head, Deptt. of History Rajeev Gandhi Govt. P.G. College, Ambikapur, Chhatisgarh
16. **Dr. M.N. Daftuar**	:	Prof. of Psychology Former Head & Former Dean, Social Sciences, M.S University, Barodara
17. **Dr. Rakesh Narayan**	:	Former, Head, Deptt. of Geography, Ranchi University, Ranchi.
18. **Dr. Shradha Srivastva**	:	Former, Head, Deptt. of Music Ranchi Women's College, Ranchi.
19. **Dr. Kiran Mishra**	:	Former, Head, Department of English Ranchi University, Ranchi
20. **Dr. Ramesh Sharan**	:	Former, Head, Department of Economics Ranchi University, Ranchi
21. **Dr. Mitali Roy**	:	Head, Department of Political Science Ranchi University, Ranchi

CONTENT

Vol. 18 No. 2 **September 2021**

1.	"Impact of Micro Finance on SHG Group	:	Dr. Santoshi Aru	01-19
2.	Hindustan Copper Limited and Foreign Trade	:	Dr. Purwa	20-34
3.	Brief Evaluation of Demonetization and its impact on Indian Economy	:	Ashish Kumar Chourasia Dr. Sudesh Kumar Sahu	35-43
4.	Multi-National Corporation and Industrial Labor Practices in India	:	Deepak Kumar Sahu	44-49
5.	Mobile Commerce and Online Payments	:	Sunny Toppo	50-57
6.	Heavy Engineering Corporation Limited: A Question Mark On survival	:	Zainab Farooqui	58-63
7.	Consumption of Alcohol and drugs among adolescent boys and girls in an industrial town of Jharkhand State	:	Dr. Shivanand Nandu	64-67
8.	Golden Era of Kathak During The Mughal Period	:	Chandra Shalini Kujur	68-71
9.	RUPEE DEPRECIATION AND ITS IMPACT ON THE INDIAN ECONOMY	:	Ananya Priya & Prof. (Dr.) Sudesh Kr Sahu	72-78
10.	FINANCIAL PERFORMANCE OF AUTO-MOBILE SECTOR IN INDIA	:	Shailee Upadhyay & Prof. (Dr.) Sudesh Kr Sahu	79-84
11.	Analysis on Investment Pattern of Life Insurance Corporation of India	:	Juhi Kumari & Prof. (Dr.) Sudesh Kr Sahu	85-89
12.	AWARENESS OF PRIVILEGE STUDENTS FOR RAISING THEIR MORAL VALUES.	:	Kumari Priya Yadav	90-93
13.	The Role of Non-Governmental Organizations in Rural Development in Jharkhand	:	Jitendra Kumar	94-100
14.	Impact of family size and socio-economic status on intelligence of the children	:	Dr. Kumari Anamika	101-110
15.	Personality Characteristics of Happly Married, Unhapply Married and Divorced Persons	:	Dr. Kalayani Jha	111-120

16.	Consitutional Safe Gard for Women	: Dr. Samar Kumar Singh	121-128
17.	Concept of Women in Powerment : Historical Background	: Shraya Sharma	129-135
18.	Femenisem in Kamala Markandaya Novel's	: Dr. Pallavi Singh	136-140
19.	भारतीय लोकतंत्र : न्यायिक सक्रियता	: विनय जे. जॉन	141–147
20.	भारत में स्थानीय स्वशासन का विकास : ऐतिहासिक पृष्ठभूमि	: बिन्दु बी. बास्की	148–159
21.	छऊ नृत्य के मुखौटे : उद्‌भव, विकास एवं भविष्य	: उदय कृष्ण महतो	160–165
22.	जनजातीय समुदाय में पलायन की प्रकृति	: अनिमा लकड़ा	166–169
23.	उच्च शिक्षा में आई.सी.टी. की भूमिका	: शांति टोप्पो	170–174
24.	गाँझू जी की रचनाओं में वर्णित : झारखण्ड की संस्कृति लोक उत्सव–करम	: करमी माँझी	175–179
25.	गिरिडीह जिला का जनसंख्यात्मक अध्ययन	: संजय कुमार सुमन	180–184
26.	कोरोना महामारी से जूझते समाज के लिए महात्मा गाँधी की जीवनशैली की प्रासंगिकता	: ललित चन्द महतो	185–188
27.	झारखण्ड के जनजातीय मजदूरों की सामाजिक –आर्थिक स्थिति	: डॉ. सुखदेव साहु	189–195
28	कोयला खनन और सरकार के नये कदम	: पुनम मेहता	196–200
29.	संविधान द्वारा प्रदत्त महिलाओं के अधिकारों की व्याख्या	: डॉ. समर सिंह	201–205
30.	जैन धर्म में नारी शिक्षा	: डॉ. मीरा कुमारी	206–210
31.	सिल्ली प्रखण्ड में कृषि भूमि उपयोग में परिवर्तन की प्रवृति	: सुनिता कुमारी	211–215
32.	शिल्पवैविध्यमः शास्त्रम्	: डॉ. लीमा कुमारी	216–220

Research Journal of Social Sciences & Humanities *Vol. 18 No.2*

छऊ नृत्य के मुखौटे : उद्भव, विकास एवं भविष्य

उदय कृष्ण महतो*

छऊ भाव–मार्शलमाओं के साथ युद्ध तकनीक और नृत्य का मिश्रण है जिसमें परम्परागत लोक वाद्ययंत्रों के साथ मुखौटे का प्रयोग किया जाता है जिनमें ढोल, धुम्सा के साथ षहनाई का प्रयोग किया जाता है। वस्तुतः यह लयबद्ध लोकनृत्य और कलात्मक षास्त्रीय नृत्य का अद्भुद संगम है जिसमें फरिखण्डा के युद्धाभ्यास की झलक मिलती है।

इस नृत्य में नर्तक/नर्तकियाँ देवी–देवताओं एवं राक्षसों के साथ–साथ जानवरों के मुखौटे धारण कर नृत्य करते हैं। कलाकारों की वस्त्र सज्जा काफी रंगीन और भड़कीली होती है और वे हाथों में परम्परागत सामरिक षस्त्र धारण किये रहते हैं जैसे भाला, तलवार, तीर–धुनश, फरसा आदि।

उद्भव : छऊ नृत्य में मुखौटों का प्रयोग कब से आरम्भ हुआ इस विशय में इतिहासकारों ने कोई स्पष्ट संकेत नहीं किये हैं। साथ ही छऊ नृत्य में मुखौटों की अनिवार्यता पर भी प्रष्न चिह्न है क्योंकि छऊ नृत्य की प्रमुख तीन षैलियो – सराईकेला, मयूरभंज और पुरूलिया में से मयूरभंज षैली के छऊ नृत्य में मुखौटों का प्रयोग नहीं किया जाता है। हालाँकि छऊ नृत्य के नाम से ही मुखौटा नृत्य का बोध होता है। क्योंकि छऊ का शाब्दिक अर्थ कुछ विद्वानों द्वारा छाया नृत्य (छद्म नृत्य) बताया गया है। इसमें कलाकार पौराणिक कथाओं के पात्रों का अभिनय प्रस्तुत करते हैं जिसे दर्षाने के लिए वे उस पात्र का मुखौटा धारण करते हैं। छऊ नृत्य में मुखौटों के प्रयोग के पीछे एक धारणा यह भी है कि छऊ नृत्य का मूल आधार फरिखण्डा नृत्य है। फरिखण्डा का अर्थ है तलवार और ढाल के साथ नृत्य। वस्तुतः यह पाईक सैनिकों के युद्धाभ्यास का एक अंग था। कुछ विद्वान छऊ षब्द की उत्पत्ति छावनी से मानते हैं। इसे सैनिकों द्वारा अपनी छावनियों में युद्ध के अभ्यास के तौर पर किया जाता था।

ई. पू. 260 में जिस समय सम्राट अषोक ने कलिंग पर आक्रमण किया था, उस समय चेदिवंष राजा 'अइर' का षासन था। सम्राट अषोक द्वारा कलिंग पर विजय के बाद बहुत से सैनिक ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर ग्रामीण जीवन जीने लगे। कलिंग युद्ध के बाद यद्यपि सम्राट अषोक ने बौद्ध धर्म को अपना लिया तथापि कलिंग के बचे-खुचे सैनिक गाँवों और जंगलों में युद्धाभ्यास किया करते थे। उनमें प्रतिषोध की भावना विद्यमान थी और सही समय और मौके के इंतजार में अपने युद्धकौषल को सतत् अभ्यास से निखारते रखना जारी रखे हुए थे। ये पदातिक सैनिक छद्म युद्ध का अभ्यास करते थे और अपनी पहचान छुपाने के लिए मुखौटों का प्रयोग करते थे। पूरे षरीर पर जानवरों की खाल से बने वस्त्र पहनते थे। इन्हें कलिंग युद्ध के बाद 'अइर' राजा के पुत्र खरवेल ने एकत्रित कर मगध पर आक्रमण किया और तत्कालीन मगध सम्राट बृस्पितिमित्र को बंदी बना लिया। इस विजय की खुषी में सम्राट खरवेल ने तांडव नृत्य किया था जिसमें उनके सैनिकों ने भी भाग लिया था। सम्राट खरवेल और उनके बाद के कलिंग एवं उड़िसा के षासकों ने इन पाइकों को राज्य के सीमावर्ती इलाकों में नियुक्त किया जहाँ वे ग्रामवासियों के साथ मिलकर कृशि कार्य करते थे साथ ही सीमा की सुरक्षा का दायित्व भी इन्हीं पाईकों के ऊपर था। ये पदातिक सेनाएँ राज्य की दूसरी श्रेणी की रक्षा पंक्तियाँ थी जो सुदूर जंगलों, और गाँवों में निवास करते थे और सामान्य नागरिक जीवन व्यतीत करते थे, परन्तु आवष्कता पड़ने पर युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे। अपने को युद्ध के अनुकूल बनाये रखने के लिए ये अपने अखाड़ों/मठों में पाइका अथवा फरिखण्डा नृत्य किया करते थे जो उनके मनोरंजन के

*शोधार्थी, इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची

साथ–साथ युद्धाभ्यास का भी एक हिस्सा था। इन्ही फरिखण्डा नृत्यों को छऊ नृत्य का प्रारम्भिक स्वरूप माना जाता है। ये पाईक सैनिक अपनी पहचान छुपाकर युद्धाभ्यास करते थे और छापामार युद्ध का अभ्यास करते थे। अपनी पहचान छुपाने के लिए ये जानवरों की छाल पहनते थे और अपने मुँह को मुखौटों से ढक लेते थे। संभवत: उसी समय से छऊ नृत्य में मुखौटो का प्रचलन आरम्भ हुआ। उड़िसा के पदातिक सैनिकों ने छद्म वेष धारण कर शत्रुओं के विरूद्ध जिस पराक्रम और वीरता का परिचय दिया उससे तत्कालीक कलिंग–क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का परिचय मिलता है साथ ही भविश्य में छऊ नृत्य की कलात्मकता एवं वेषभूशा के निर्धारण में भी प्रमुख भूमिका निभाई है। इसी से अप्रत्यक्ष रूप से इतिहास के कोख से छऊ नृत्य की रूप–रेखा का निर्धारण हुआ। दरअसल, यह मुखौटा ही है जो नृत्य संरचना की प्रकृति और पैटर्न को निधारित करता है । इन मुखौटों में प्रत्येक चेहरे की विषोशता को चित्रित किया जाता है जिसपर विभिन्न रंगों का प्रयोग कर उसे भव्य आकृति प्रदान की जाती है। मुखौटों में प्रयुक्त रंग पात्र की प्रकृति, सांसारिक गुण को तो प्रदर्शित करता ही है साथ अपनी भव्यमा और सुन्दर आकृति के कारण छऊ नृत्य में अपना एक विषेश स्थान भी रखता है।

एक अन्य मतानुसार मुखौटे कलाकारों के मन में आत्मविष्वास पैदा करते थे। यह माना जाता है कि छऊ नृत्य आरम्भ में पदातिक सैनिकों द्वारा ही प्रदर्शित किया जाता था। ये सैनिक जब बिना किसी अस्त्र षस्त्र के नृत्य करने जाते होंगे तो दर्षकों के सामने जाने पर उन्हें षर्म महसूस होती होगी। इस कारण वे आरम्भ में पत्तों से बने मुखौटे लगा कर अपनी पहचान को छिपाने का प्रयत्न किया। बाद में कागज और लकड़ी के बने मुखौटों का प्रचलन आरम्भ हुआ और नृत्य के किरदारों की पहचान के अनुरूप जानवरों, देवी देवताओं, राक्षसों आदि के मुखौटे बनाए जाने लगे और उसी के अनुरूप वस्त्राभुशण आदि का प्रयोग किया जाने लगा जिसे दर्षकों ने अत्यधिक पसंद किया। मुखैटा धारण करने वाला नर्तक का अपना व्यक्तित्व गौण हो जाता है जबकि जिस पात्र का मुखौटा वह धारण करता है वह परिलक्षित होता है। इसमें कलाकार की मुखभंगिमा दिखाई नहीं पड़ती बल्कि पात्र की भाव भंगिमा उसे निभाने वाले कलाकर के षरीर संचालन से परिलक्षित होती है। इस प्रकार सराईकेला छऊ नृत्य में मुखौटों का प्रयोग सराईकेला छऊ नृत्य के अभिन्न अंग बन गये।

विकास : मुखौटों का विकास छऊ नृत्य के विकास के साथ जुड़ा हुआ है। 1857 ई. के बाद सराईकेला के षासक राजा चक्रधर सिंह के काल में छऊ नृत्य का विकास काफी तेजी से हुआ। 1877 ई. में सराइकेला के महाराजा ने इस सामरिक कला को जनसाधारण में प्रदर्शित कराये जाने का आदेष दिया। इसमें मुखौटों का व्यवहार नहीं किया जाता था। जनता ने इस खेल में काफी रूचि ली। बाद में तलवार और ढाल की जगह अन्य षस्त्रों जैसे लाठी आदि भी धारण किये और इसे मनोरंजक बनाने के लिए पेड़ों की पत्तियों से बने मुखौटों का प्रयोग किया जाने लगा। इसके बाद बाँस की टोकरी को विविध रंगों से रंगकर मुखौटे बनाये जाने लगे। कालान्तर में कलाकारों की सुविधा के अनुसार भांति–भांति के मुखौटों का प्रयोग किया जाने लगा। नृत्य के विशय के अनुसार तथा पात्रों के अनुरूप विभिन्न देवी देवताओं, राक्षसों, जानवरों आदि के मुखौटे और वेषभूशा का प्रयोग किया गया और छऊ नृत्य को मानोरंजक बनाने का प्रयास किया गया, परन्तु मूल तत्व युद्धकला आवष्यक रूप से विद्यमान रहा।

वाह्य आक्रमणकारियों से अपने प्रदेष की सुरक्षा की भावना ने सराईकेला और इसके पड़ोसी रियासतों एवं राज्यों में फरिखण्डा के खेल को जन–जन तक पहुँचाया। समय–समय पर विभिन्न अवसरों पर इस खेल का प्रदर्षन किया जाता था जिसमें मनोरंजन का पुट देने के लिए

नृत्य की भंगिमाओं, शरीर संचालन एवं वस्त्राभुशण का प्रयोग किया जाने लगा। इसे और अधिक भव्यता एवं प्रभावषाली बनाने के लिए मुखौटों का प्रयोग आरम्भ हुआ। तत्कालीन राजाओं ने इसको अपना संरक्षण प्रदान कर इसके विकास में महत्वपूर्ण भुमिका निभाई और इस प्रकार एक नृत्य षैली का विकास हुआ जिसे आज हम छऊ नृत्य के नाम से जानते हैं।

राजा चक्रधर सिंह के षासनकाल में छऊ नृत्य में वस्त्र आभूशण, कलाकारों की साज–सज्जा और मुखौटे निर्माण में सुधार के लिए अनेक प्रयास किये गये। सराईकेला में राज्याश्रित अखाड़ों में मुख्य रूप से चार अखाड़ों का नाम लिया जाता है, ये हैं :– अभीन साई अखाड़ा, पुरोहित साई अखाड़ा, नवगढ अखाड़ा एवं कंसारी साई। इन चारो अखाड़ों से कई अन्य अखाड़ों का जन्म हुआ जिनमें खोड़रा साई अखाड़ा, हुंज साई अखाड़ा, बेनी बाबू अखाड़ा काफी प्रसिद्ध हुआ। सभी अखाड़ों के बीच समय–समय पर प्रतियोगिताएँ सराईकेला राज की ओर से आयोजित की जाती थी इस कारण इन अखाड़ों में उत्कृश्ट प्रस्तुतियाँ तैयार करने के लिए काफी तैयारियाँ की जाती थी। इसका परिणाम हुआ कि कई उत्कृश्ट छऊ नृत्य इन अखाड़ों में तैयार की गई। इसके लिए नृत्य की कथावस्तु से लेकर, परिधान, साज–सज्जा, मुखौटों के निर्माण आदि में नित्य नये प्रयोग किये गये।

षुरूआत में नर्तक अपने चेहरे का पत्तियों से ढकते थे और अपने सिर पर पगडी लगाते थे। धीरे–धीरे बाँस ने मुखौटा बनाने की सामग्रियों में पत्तियो का स्थान ग्रहण कर लिया। इस बात के भी प्रमाण है कि कद्दू के सूखे गोलों का भी प्रयोग मुखैटे बनाने में किया जाने लगा जिसपर सूखे फलों और सब्जियों से सजावट की जाने लगी। मुखौटों को आकर्शक बनाने के लिए रंगों का प्रयोग किया जाने लगा। अगले चरण में मुखौटों के निर्माण में लकड़ी का प्रयोग किया जाने लगा जिन्हें 'बांस तंत्र महादा' कहा जाता था। आगे के विकास में मिट्टी के बने मुखौटे प्रयोग में लाये जाने लगे जिन्हें 'थाट बंदा महादा' कहा जाता था। बेषक लकड़ी और मिट्टी के बने मुखौटे बड़े और भारी होते थे। इन मुखैटों में चौड़े जबड़े होते थे और इन्हें सिर पर लगाया जाता था। कलाकारों के सांस लेने के लिए माउथ गैप का इस्तेमाल किया जाता था। देखने के लिए मुखौटों की आँखों में बनाये गये छिद्र कलाकारों की आँखों से मेल नहीं खाते थे जिससे नर्तकों को असुविधा होती थी। बड़े और भारी तथा शरीर के अनुपातहीन होने के कारण प्रदर्षन के दौरान नर्तकों को बहुत असविधा होती थी तथा इन असुविधाओं ने मुखौटा निर्माण कला के विकास का मार्ग प्रषस्त किया।

अंततः तीस के दषक की षुरूआत में गडाराजा आदित्य प्रताप सिंहदेव ने सराकेला के मुखौटों में कुछ परिषोधन की षुरूआत की और उन्होंने महापात्रों के श्रेश्ठ परिवार को मुखौटा बनाने में नवीन प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। वर्तमान समय में मखौटे अच्छी तरह उभारी हुई मिट्टी, पतले और महीन कपडे, कागज और आवष्यक रंगों के संयोजन से तैयार किये जाते है। वजन में हल्के और मजबूत होते के कारण ये आधुनिक मुखौटे नर्तकों के लिए बहुत आरामदायाक और दर्षकों के लिए आकर्शक हैं। सुदरता के कारण ये मुखौटे चरित्र के अलग–अलग भावों को चित्रित करते हैं।

पुरूलिया छऊ नृत्य में मुखौटे सराईकेला से आयातित हैं। इसका बहुत बड़ा श्रेय पुरूलिया के चड़िदा ग्राम निवासी प्रसिद्ध छऊ नर्तक एवं शिल्पकार बाबूराम मिस्त्री (सूत्रधर) को दिया जा सकता है जिन्होंने अपने जमींदार मित्र के साथ छऊ नृत्य देखने के लिए सराईकेला की यात्रा की थी। उन्होंने वहाँ के प्रसिद्ध शिल्पकार प्रसन्न कुमार महापात्र के सानिध्य में मुखौटे बनाने की कला सीखी और वापस पुरूलिया आकर उन्होंने अपना एक छऊ नृत्य दल की स्थापना

की जिसमें नृत्य के अलावा मुखौटों का निर्माण एवं अन्य साज श्रृंगार अलंकरण आदि का निर्माण ये स्वयं ही करते थे। बाद में उनके वंषजों ने भी मुखौटे निर्माण को अपना व्यवसाय बना लिया। आज पुरूलिया छऊ नृत्य की प्रायः सभी मण्डलियों को मुखौटा की आपूर्ति इन सूत्रधरों द्वारा ही किया जाता है। वर्तमान में विनय सूत्रधर मुखौटों के प्रमुख आपुर्तिकर्ता हैं।

मुखौटे, वस्त्रालंकार एव श्रृंगार पुरूलिया छऊ नृत्य की विषेशता है। यह ऐतिहासिक तथ्य है कि पुरूलिया षैली के छऊ नृत्य में मुखौटा निर्माण की कला बाबूलाल मिस्त्री द्वारा सराईकेला से आयातित की गई। परन्तु पुरूलिया के षिल्पकारों ने उसमें काफी बदलाव किये। सराईकेला के मुखौटों में कलात्मकता दिखाई पड़ती है वही पुरूलिया के मुखौटों में यथार्थबोध दृश्टिगोचर होता है। पुरूलिया के मुखौटों को साजसज्जा के साथ अति भड़कीला बनाया गया। इसे पहनकर कर नृत्य करने वाले कलाकार की भावाभिव्यक्ति मुखरित नहीं होती है। दूसरे षब्दों में पुरूलिया छऊ नृत्य में अंग संचालन, पादचालन आदि के द्वारा अभिव्यक्ति प्रदान की जाती है और मुखौटों का प्रयोग केवल कलाकार की प्रस्तुति को भव्य और मनोरंजक बनाने के लिए की जाती है। वीर रस और रौद्र रस के मुखौटों में कलात्मकता से ज्यादा रसानुरूप भव्यता प्रदान करने की चेश्टा की गई है।

पुरूलिया छऊ नृत्य में देवी–देवताओं असुरों के अलावा पषु–पक्षियों के भी मुखौटे प्रयोग किये जाते है जो सराईकेला के छऊ नृत्य में प्रयोग किये जानेवाले पषुओं–पक्षियों के मुखौटों से काफी भिन्न हैं। सराईकेला में जो पषु–पक्षी के मुखौटे होते हैं वे मानवाकृति लिए होते हैं, जबकि पुरूलिया में पषुओं और पक्षियों के मुखौटे यथार्थपरक होते हैं। यहाँ मात्र मुखौटे ही नहीं, बल्कि पषु–पक्षी के सम्पूर्ण षरीर के लिए आवरण तैयार किये जाते हैं। वराह का अभिनय करने वाला नेता केवल वराह का मुखौटा ही नहीं पहनता, बल्कि उसके पीठ पर वराह की खाल भी रहती है और वह चार पैर से चलता है। इसी प्रकार साँप कछुए आदि के पात्र को अभिनीत करनेवाले कलाकर साँप एवं कछुए का मुखौटा तो पहनते ही हैं वे नृत्य के दौरान रेंगते भी हैं।

यह कहा जा सकता है कि पुरूलिया के मुर्तिकारों ने छऊ नृत्य के लिए मुखौटों के निर्माण में न केवल सराईकेला के मुखौटों से प्रेरणा ली बल्कि उसमें अपनी कला और संस्कृति का रंग चढ़ाकर उसे भव्यता प्रदान की। यद्यपि सराईकेला के मुखौटों में विशयानुरूप भिन्नता दृश्टिगोचर होती है और उसमें एक कलात्मकता नजर आती है तथापि उसमें पुरूलिया छऊ नृत्य में प्रयुक्त मुखौटों का भड़कीलापन और यथार्थता नजर नही आती है।

मुखौटों को लेकर पुरूलिया छऊ नृत्य में काफी प्रयोग किये जाते रहे हैं जिसमें आधुनिक तकनीक का प्रयोग कर उसे और यथार्थपरक बनाने का प्रयास किया जाता है। उदाहरण के लिए ब्लाडर और पाईप का प्रयोग कर षिव की जटा से गंगा के प्रवाहित होने का दृष्य, गणेष भगवान के सिर कटने के बाद उनके धीष के स्थान पर हाथी का धीष जोड़ना, षेशनाग के फनों को बैटरी और रंगीन बल्ब के प्रयोग से जीवंत प्रदर्षित करना आदि। कहना न होगा कि पुरूलिया छऊ नृत्य में प्रयुक्त किये जाने वाले मुखौटे उनकी पहचान बन चुकी है और सराईकेला से भिन्न नजर आती है।

मुखौटों के निर्माण में मूर्ति कलाकारों का भी प्रमुख योगदान रहा। पुरूलिया छऊ नृत्य में मुखौटा, मुकुट और साज–सज्जा पर विषेश ध्यान दिया गया। सूत्रधर परिवार से सम्बद्ध होने के कारण मूर्तिकला अनिल सूत्रधर के खून में है। ये बहुत अच्छे मुखौटा निर्माता भी हैं और इनके जीविकोपार्जन का प्रमुख साधन भी। इस कार्य में इनके पुत्र जयंत सूत्रधर इन्हें सहयोग करते हैं। पष्चिम बंगाल सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग ने मुखौटा निर्माण प्रतियोगिता में इन्हें

1962 ई. में द्वितीय, 1971 ई. एवं 1972 ई. में प्रथम तथा 1973 ई. में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया। इन्होंने शांति निकेतन, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली में छात्रों एवं प्रशिक्षुओं को मुखौटा निर्माण कला का प्रशिक्षण भी दिया।

छऊ नृत्य कलाकारों के लिए मुखौटा निर्माण करने वाले शिल्पकरों में वर्तमान समय में श्री विनय सूत्रधर का नाम अग्रगण्य है। इन्होंने अपने दादा सुचांद सूत्रधर और उसके बाद अपने पिता मनबोध सूत्रधर से मुखौटा बनाने की कला सीखी। 1996 ई. से ये स्वतंत्र रूप से मुखौटा बनाने लगे। इनके बनाये मुखौटों की मांग पुरूलिया के प्रायः सभी छऊ नर्तक दलों द्वारा की जाती है। पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, कोलकाता के माध्यम से इन्होंने 1994 ई. में मुम्बई, 1995 एंव 1996 में दिल्ली और 1998 ई. में हिमाचल प्रदेश की यात्रा की और अपने बनाये मुखौटों का प्रदर्शन किया। 2008 ई. में सिलीगुड़ी (असम) के जातीय नवयुवक संघ के आमंत्रण पर वहाँ जाकर दुर्गापूजा के अवसर पर छऊनृत्य के मुखौटे के मॉडल की दुर्गा देवी की प्रतिमा बनाई थी।

जयंत सूत्रधर भी छऊ नृत्य के लिए मुखौटों के निर्माण के क्षेत्र में एक बड़ा नाम है। इनके पिता श्री अनिल सूत्रधर छऊ नृत्य नर्तक एवं आदिवासी छौ नृत्य मण्डली के व्यवस्थापक होने के साथ–साथ एक बहुत ही अच्छे मुखौटा निर्माता भी है। श्री जयंत सूत्रधर ने अपने पिता के सानिध्य में यह कला सीखी। इसके बाद जिला सूचना एवं सांस्कृतिक कार्यालय, पुरूलिया (पश्चिम बंगाल सरकार) द्वारा आयोजित एक वर्शीय मुखौटा निर्माण कार्यशाला में सन् 1989 से 1990 तक अपनी इस कला को परिमार्जित किया। सन् 2002 में इन्हे बंगाल सराकर द्वारा आयोजित मुखौटा निर्माण प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। सन् 2007 में स्वामी विवेकानन्द ग्राम सेवा संस्था, बेलूर मठ, हावड़ा में दो माह तक मुखैटा निर्माण कार्यषाला में भाग लिया और मुखैटा निर्माण की कला में और निखार लाने के लिए इसकी बारिकीयाँ सीखी। वर्तमान में मुखौटा निर्माण ही इनका मुख्य पेषा और अर्थोपार्जन का साधन है।

भविष्य : अगर मुखौटा निर्माण के भविश्य पर दृश्टिपात करें तो स्थिति गंभीर नजर आती है। स्पश्ट तौर पर इसका भविश्य छऊ नृत्य के भविश्य के साथ जुड़ा है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व उड़िसा के राजघरानों का संरक्षण छऊ नृत्य को प्राप्त था जिसने इस कला के संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। परन्तु स्वतंत्रता प्राप्ति के पष्चात् छऊ नृत्य को वह संरक्षण प्राप्त नहीं हो सका है। यद्यपि राज्य सरकार और भारत सरकार द्वारा समय–समय पर छऊ नृत्य के प्रदर्षन का आयोजन किया जाता है, परन्तु यह स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस आदि तक ही सीमित रह गई है। इसके फलस्वरूप ज्यादातर छऊ नृत्यकार एवं शिल्पकार अपने जीविकोपार्जन के लिए अन्य व्यवसाय की ओर उन्मुख हो रहे हैं जिर.से छऊ नृत्य के साथ–साथ मुखौटा निर्माण कला के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस विशय में सरकार के साथ–साथ समाज के प्रबुद्ध लोगों को भी सकारात्मक पहल करने की आवष्यकता है।

संदर्भ–सूची

1. डॉ. बदरी प्रसाद, भारतीय छऊ नृत्य, इतिहास संस्कृति और कला', भाग – 2
2. डॉ. कपिला वात्स्यायन, 'पारम्परिक भारतीय रंगमंच', नेषनल बुक ट्रस्ट ऑफ इंडिया
3. आर.एस. षर्मा, बुलेटिन ऑफ इंडियन हिस्टोरिकल रिब्यू, भारतीय इतिहास अनुसंधान परिशद, नई दिल्ली।
4. बनर्जी, मोरेश (1959) : द फोक डांस ऑफ इंडिया, किताबिस्तान, इलाहाबाद।

5. डॉ. शांति सिन्हा (2016) : लोकनृत्य छऊ, पुस्तक विपनी, कोलकाता।
6. डॉ. आशुतोश भट्टाचार्य, 'छऊ डांस ऑफ पुरूलिया'।
7. पाणि, जीवन (1993) : ए कम्परेटिव स्टडी ऑफ द थ्री स्टाईल ऑफ छऊ, रंगभुमि, 7वाँ एडिसन, ओड़ीसा संगीत नाटक अकादमी।
8. डॉ. इन्द्र कुमार चौधरी, झारखण्ड का छऊ नृत्य : एक परिचय, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग झारखण्ड द्वारा चैत्र पर्व महोत्सव, 2015 को प्रकाषित स्मारिका में प्रकाषित लेख ।
9. डॉ. हरेन्द्र प्रसाद सिन्हा – 'द छऊ डांस ऑफ सराईकेला – ए रिट्रोस्पेक्सन' चैत्र पर्व महोत्सव, 2015 को प्रकाषित स्मारिका में प्रकाषित लेख।
10. डॉ. कपिला वात्स्यायन (1995) – 'पारम्परिक भारतीय रंगमंच : अनन्त धाराएँ, नेषनल बुक ट्रस्ट इंडिया, प्रथम संस्करण।